दिनांक- 19.03.15

हिन्दुस्तान 19.03.15

# खीरी और अकबरपुर पहुंचा स्वच्छता रथ



राजपुर प्रखंड मुख्यालय से स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी।

**राजपुर | संवाद सूत्र**

प्रखंड मुख्यालय से बुधवार को स्वच्छता रथ रवाना किया गया, जो विभिन्न पंचायतों के गांवों में जाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरुक करेगा। पहले दिन स्वच्छता रथ के साथ अभियान के कर्मी खीरी और अकबरपुर पंचायतों के गांवों में पहुंचे।

अभियान से जुड़े कर्मियों ने ग्रामीणों को गंदगी से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। फिर स्वच्छता से होने वाले लाभ से अवगत कराया। ग्रामीणों को खुले में शौच नहीं करने की सलाह देते हुए बताया गया कि इससे तरह-तरह की बीमारियां होती हैं। इसलिए जरूरी है कि हर घर में शौचालय का निर्माण कराया जाए। इससे ढेर सारी बीमारियों से मुक्ति मिल जाएगी।

ग्रामीणों को बताया गया कि खाना खाने से पहले और शौच के बाद हाथ साबुन से जरूर धोना चाहिए। स्कूली बच्चों को भी स्वच्छता अभियान और सफाई से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई। अजीत सिंह स्मृति विकास संस्थान के तत्वावधान में निकले स्वच्छता रथ के साथ पीएचईडी के प्रखंड को-ऑर्डिनेटर सत्येंद्र कुमार, चंदन पांडेय, मंटू पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## कई स्कूलों पर पहुंचा स्वच्छता रथ

नावानगर। एक संवाददाता

राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल व स्वच्छता सप्ताह के तहत बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के कई स्कूलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता रथ के साथ स्कलों पर पहुंचे अभियान दल के कर्मियों ने छात्र-छात्राओं को साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इसके पहले बीडीओ अशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रथ को रवाना किया। अभियान के सदस्य पंकज कुमार ने बताया कि एक सप्ताह तक स्वच्छता रथ के साथ यह अभियान चलेगा। इस दौरान प्रखंड समन्वयक सुमन कुमार, नीरज कुमार, धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रभात खबर 19/3/15



# स्वच्छता जागरूकता सप्ताह रथ रवाना

**डुमरांव.** राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता जागरूकता सप्ताह बुधवार को प्रखंड मुख्यालय से बीडीओ जनार्दन तिवारी ने झंडी दिखा कर रवाना किया. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य खुले में शौच की प्रथा को समाप्त कर लोगों के स्वस्थ्य एवं जीवन स्तर को बेहतर बनाना तथा महिलाओं को सुरक्षा एवं सम्मान प्रदान करना है. स्वच्छत भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्ति शौचालय, सामुदायिक शौचालय के निर्माण का प्रावधान है. जल भंडारण युक्त शौचालय का निर्माण अब 12000 हजार रुपये के अंदर भी संभव है. सभी गरीबी रेखा से नीचे एवं एपीएल के चिह्नित परिवारों को जल भंडारण की सुविधा के साथ. अपने घरों में शौचालय निर्माण पर सरकार 12 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है. स्वच्छता भारत मिशन ग्रामीण के जागरूकता अभियान 17 से 23 मार्च तक चलेगा. पहला रथ पुराना भोजपुर, नया भोजपुर, नुआंव भ्रमण के लिए गया. जबकि दूसरा रथ कोरानसराय सहित अन्य गांवों में पहुंच कर स्वच्छता का संदेश देगा. इस अवसर मोनू कुमार, छांगूर सिंह, प्रशांत कुमार व धनंजय राय रथ के साथ मौजूद थे. रथ रवाना करने के दरम्यान प्रखंड समन्वयक त्रिलोकीनाथ, इंदिरा आवास पर्यवेक्षक राकेश कुमार के अलावे जीपीएस उपस्थित थे.

# ब्रह्मपुर से स्वच्छता रथ को किया रवाना

**ब्रह्मपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को बीडीओ सोनू कुमार ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखा रवाना किया। जिज्ञासा संस्था के प्रतिनिधि अयोध्या राय ने बताया कि यह रथ ब्रह्मपुर के कई पंचायतों के अलावा चक्की प्रखंड के भी विभिन्न पंचायतों का दौरा कर स्वच्छता का अलख जाएगा। बुधवार को चक्की प्रखंड में भी इस रथ को बीडीओ ने रवाना किया।

दिनांक- 20.03.15

दि० 20.03.15

# स्वच्छता रथ ने किया गांवों का दौरा

दैनिक जागरण

राजपुर (बक्सर) : जिला स्थापना दिवस के मौके पर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा करने के लिए जिला जल एवं स्वच्छता समिति के निर्देश के आलोक में प्रखंड के रविदास जन विकास संस्थान के तत्वावधान में स्वच्छता रथ को बक्सर किला मैदान से रवाना किया गया।

रथ को हरी झंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार सिंह ने दिखाया। इसके बाद यह रथ प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र धनसोई, खरहना, समहुता, सिकठी एवं दुल्फा पंचायत का भ्रमण किया। वहीं, रविदास जन विकास संस्थान के सचिव जयराम राम ने बताया कि इस दौरान गांव-गांव घूमकर लोगों के बीच शौचालय बनाने, जांचकर पानी पीने एवं खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोने संबंधी कई अन्य स्वच्छता के टिप्स दिये गये।

# बक्सर के कई प्रखंडों में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

**बक्सर | निज संवाददाता**

जिले के विभिन्न प्रखंडों के गांवों में अभियान चलाकर स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है। शुक्रवार को राजपुर प्रखंड के राजपुर और हेठुआं पंचायतों के गांवों में स्वच्छता रथ पहुंचा। रथ के साथ मौजूद कर्मियों ने लोगों को स्वच्छता से होने वाले लाभ के बारे में बताया और खुले में शौच न करने की सलाह दी।

कर्मियों ने स्कूलों में जाकर भी बच्चों को स्वच्छता के लाभ बताए गए। इस दौरान पीएचईडी के प्रखंड को-ऑर्डिनेटर सत्येंद्र प्रसाद, अजीत सिंह स्मृति विकास संस्थान के कर्मी चंदन पांडेय, मंटू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

इधर, ब्रह्मपुर प्रखंड की कांट और रघुनाथपुर पंचायतों के विभिन्न गांवों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्व दीवान सिंह स्मृति विकास संस्थान के बैनर तले अभियान से जुड़े कर्मियों ने ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को साफ-सफाई के बारे में आवश्यक जानकारियां दी। साथ ही गंदगी से होने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया। अभियान में संस्थान के मन जी पासवान, अनिल गुप्ता, टुन्ना सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

**गांवों में पहुंचा स्वच्छता का संदेश**

**बक्सर।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की ओर से शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय से स्वच्छता रथ को रवाना किया गया। रथ को रवाना सदर सीओ श्री भगवान सिंह ने किया।

रथ चुरामनपुर, खुंटहा, सोनवर्षा, उमरपुर, दलसागर, जगदीशपुर होते हुए बरूना पहुंचा। कार्यक्रम का नेतृत्व अमरेश जन सेवा संस्थान के सचिव सुरेश सिंह व मार्गदर्शन कार्यपालक अभियंता अनिल कुमार कर रहे थे।

कनीय अभियंता पशुपतिनाथ उपाध्याय, सत्येंद्र प्रसाद, ददन यादव, अविनाश कुमार, उत्प्रेरक हरेराम यादव, लालसाहब राम व कृष्णा पाल मौजूद थे। **हि.सं.**

हिन्दुस्तान — 21.03.2015

दिनांक-24.03.15



## स्वच्छता जागरूकता सप्ताह संपन्न

**जागरण संवाददाता, बक्सर :** 'राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता जागरूकता सप्ताह' का समापन सोमवार को हो गया। इसके तहत सभी प्रखंडों के गांवों में जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीणों को सफाई का महत्व व पेयजल संबंधी कार्यक्रमों को बताया गया।

इस कड़ी में सोमवार को महदह पंचायत में व्यास सेवा समिति के तत्वावधान में स्वच्छता का अलख जगाया गया। उत्प्रेरक दिनेश कुमार सिंह व राजेश कुशवाहा की अगुवाई में मध्य विद्यालय महदह के बच्चों को हाथ धुलाई से अवगत कराया गया, वही गांव में भ्रमण कर स्वच्छता की महता व शौचालय बनवाने को सलाह दिए गए। कार्यक्रम का समापन पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता अनिल कुमार 'अखिलेश' की मौजूदगी में पंचायत मुखिया विनोद कुमार सिंह ने की। इस दौरान समन्वयक अविनाश कुमार, सत्येन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।